14/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

विदेशमंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आज दिल्ली में **ई-माइग्रेट वी2.0 वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप** का उद्घाटन किया। ई-माइग्रेट पोर्टल पर दो लाख 81 हजार पंजीकृत विदेशी नियोक्ता हैं। यह प्रवासी भारतीयों के लिए सुरक्षित और वैध नियुक्ति के मार्ग को बढ़ावा देता है। अपने संबोधन में डॉ. जयशंकर ने कहा कि ई-माइग्रेट वी2.0 वेब पोर्टल का शुभारंभ भारतीयों के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और समावेशी गतिशीलता सृजित करने के सरकार के प्रयासों का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल का नया संस्करण विदेश में भारतीय कामगारों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करने के प्रति सरकार की वचनबद्धता को दर्शाता है।

000000000000000

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा कि भारत ने मात्र 22 महीनों में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 80 प्रतिशत आबादी को कवर करते हुए 5जी दूरसंचार सेवाएं शुरू कर दी हैं। नई दिल्ली में 5वीं वैश्विक मानक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि 5जी रोलओवर से 2040 तक अर्थव्यवस्था में 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश होने की उम्मीद है। वैश्विक संगोष्ठी के बारे में मंत्री ने कहा कि यह वैश्विक संवाद के लिए एक प्रकाश स्तंभ के रूप में काम करेगा, ताकि मानकों पर आम सहमति बनाई जा सके।

यह नई प्रौद्योगिकियों के वैश्विक रोलआउट का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि पहली बार विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) भारत में आयोजित की जा रही है और इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सौ से अधिक देशों के नेता नई दिल्ली में मौजूद हैं।

0000000000000

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज कहा कि भारत एक विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना विकसित कर चुका है। इस अवसंरचना ने उच्च गुणवत्ता के डिजिटल वित्तीय उत्पादों के विकास में सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि देश अब विश्व के तीसरे महत्वपूर्ण जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र बन चुका है। यहां एक लाख चालीस हजार से अधिक स्टार्टअप और एक सौ से अधिक यूनिकॉर्न हैं।नई दिल्ली में आज आरबीआई@90 उच्चस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री दास ने कहा कि वैश्विक डिजिटल क्रांति में प्रवेश करने और उसे सुधारने के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में भारत के अनुभव का लाभ अन्य देश उठा सकते हैं।

000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाइक ने राज्यवासियों, विशेष रुप से सजोलांग समुदाय को चिंदंग त्योहार के अवसर पर शुभकामनाए दी है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि यह त्योहार सभी के लिए अच्छी फसल, समद्धि और खुशी लेकर आएगा। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में अनेक आदिवासी जनजातियाँ निवास करती है जिनकी अपनी- अपनी विशिष्ठ संस्कृति और जीवन शैली है।

इन जनजातियों की अपनी अनूठी मान्यताएँ और प्रथाएँ है, जिन्हें सदियों से पीढ़ियों से संजोकर रखा गया है और आगे बढ़ाया गया है। राज्यपाल ने आदिवासी समुदायों से अपने त्योहार को मनाते रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से प्रकृति पूजा की उनकी प्राचीन परंपरा को बढ़ावा मिलेगा और भावी पीढ़ी के लिए हमारे हरे-भरे पर्यावरण की रक्षा करने की महान प्रथा को कायम रखा जा सकेगा।

0000000000000000000

राज्य स्तरीय हंगपन दादा टूर्नामेंट का सातवां संस्करण कल संपन्न हो गया, समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री चाउना मेन, सांसद तापिर गाव, खेल एवं युवा मामलों के मंत्री केंतो जिनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया और विभिन्न टीमों की उपलब्धयों के लिए उन्हें बधाई देते हुए प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतियोगिता के फाईनल में विजयी रही तवांग की बालिकाओं की फूटबॉल टीम सहित शी-योमी की बालिकाओं और लोहित जिले के लड़कों के टीमों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

0000000000000000000

दूर्गा पूजा उत्सव के दौरान स्थानीय नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए एक अभिनव कदम उठाते हुए ईटानगर नगर निगम ने मूर्तियों के विसर्जन के लिए निर्दिष्ट स्थल के रुप में जुलांग के न्योकुम ग्राउंड में एक बड़ा कृत्रिम तालाब बनाया। मेयर तामे फसांग ने सभी पूजा समितियों और निवासियों से मूर्ति विसर्जन के लिए नदियों के बजाय इस पर्यावरण अनुकूल विकल्प का उपयोग करने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करना है। श्री फसांग ने कहा कि आई एम सी को पहले प्रदूषण से संबंधित मुद्दो के कारण फंडिंग में कटौती और दंड का सामना करना पड़ा था। यह नया दृष्टिकोण राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण और प्रदूषण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरुप है।

0000000000000000

लेपारदा जिले के तिरबिन में गत 10-12 अक्टूबर तक आयोजित मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर में तिरबिन और उसके आस-पास के इलाकों से लगभग 3150 मरीजों को फायदा पहुँचा। शिविर में ट्रीम्स, बी पी जी एच पासीघाट और लेपारदा जिला अस्पताल से कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, सर्जरी, मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, गायनोकोलॉजी, डर्मेटोलॉजी, ई एन टी, ऑप्थैल्मोलॉजी, ऑन्कोलॉजी आदि क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वाले चिकित्सक मौजूद थे। यह शिविर बासर विधायक न्याबी दिरची की पहल द्वारा ट्रीम्स, जिला स्वास्थ्य सोसायटी, राज्य कैंसर सोसायटी, सियांग स्वास्थ्य मिशन और जी आर के सोसायटी के सहयोग से किया गया था।

00000000000000000000

पूर्वोत्तर में फुटबॉल के लिए एक महत्वपूर्ण विकास में, अरुणाचल प्रदेश के शाजा दुसुसो को नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफ सी यूथ एकादमी में कोच के रुप में नियुक्त किया गया है। वेस्ट कामेंग जिले के रहने वाले दुसुसो के पास फुटबॉल कोचिंग में ए एफ सी सी डिप्लोमा हासिल है। इससे पहले उन्होंने केइ-पान्योर एफ सी के मुख्य कोच के रुप में काम किया था।

000000000000000

आकाशवाणी ईटानगर की क्षेत्रीय समाचार इकाई राज्य के प्रत्येक जिले से एक पार्ट टाईम संवाददाता (पीटीसी) के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहे है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आठ नवबंर दो हजार चौबीस होगी। इच्छुक उम्मीदवार www.newsonair.gov.in पर 'वेकैंसीज' की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

0000000000000000